C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 141 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार ,09 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राजस्थान बोर्ड की नई परीक्षा व्यवस्थाः अब साल में दो बार होंगे बोर्ड एग्जाम, 'बेस्ट ऑफ टू' के आधार पर बनेगा परिणाम

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने घोषणा की है कि अगले शैक्षणिक सत्र से राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के विद्यार्थियों को एक ही सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा का मौका मिलेगा। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को अपने प्रदर्शन में सुधार का अवसर मिल सके।

मदन दिलावर ने शनिवार को कोटा के गणेश नगर में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह में कहा कि सभी विद्यार्थियों के लिए पहली परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य रहेगा। जो छात्र पास होंगे, वे तीन विषयों तक में अपने अंक सुधारने के लिए दूसरी परीक्षा में बैठ सकेंगे। वहीं, फेल या पूरक योग्य घोषित विद्यार्थी भी तीन विषयों तक में पुनः परीक्षा दे सकेंगे।



शिक्षा मंत्री ने बताया कि मुख्य परीक्षा फरवरी-मार्च में और द्वितीय अवसर परीक्षा मई-जून में आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाएं समान पाठ्यक्रम और अध्ययन योजना पर आधारित होंगी। विद्यार्थियों को दोनों परीक्षाओं में से बेहतर प्राप्तांक के आधार पर अंतिम परिणाम दिया जाएगा।

मुख्य परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को द्वितीय परीक्षा में शामिल होने के लिए सक्षम अधिकारी या जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। द्वितीय अवसर परीक्षा का शुल्क भी मुख्य परीक्षा के समान रहेगा।

दिलावर ने कहा, यह व्यवस्था विद्यार्थियों के तनाव को कम करेगी और उन्हें अपने प्रदर्शन में सुधार का अवसर देगी। इससे परीक्षा प्रणाली अधिक लचीली और विद्यार्थी-केंद्रित बनेगी।

## डोटासरा बोले भ्रष्टाचार में डूबी सरकार, जनता भुगत रही है कीमत; बोले- अस्पतालों में दवाएं नहीं, जांचें ठप

भीलवाड़ा फोकस @ बूंदी।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार गहराई तक फैल चुका है, जिसका सीधा असर आमजन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को न तो दवाइयां मिल रही हैं और न ही निशुल्क जांचें हो रही हैं। गरीब इलाज के लिए दर-दर भटक रहा है। डोटासरा शनिवार को बूंदी सर्किट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

डोटासरा ने कहा कि हर विभाग में भ्रष्टाचार का बोलबाला है और इसकी कीमत प्रदेश की जनता चुका रही है।उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज तक नहीं मिल पा रहे हैं। अस्पतालों में इलाज की स्थिति यह है कि मरीजों को जरूरी दवाएं भी निजी दुकानों से महंगे दामों पर खरीदनी पड़ रही हैं।

इस मौके पर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने जिले की चिकित्सा व्यवस्था पर चिंता जताई और बताया कि दवाओं की कमी से गरीब मरीज परेशान हैं, कई आवश्यक जांचें बंद हैं।

बैठक से पहले बूंदी सर्किट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का भव्य स्वागत किया। राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उन्हें 21 किलो का हार पहनाया और पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर राजस्थान ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जगरूप सिंह रंधावा, एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर मीणा, युवा नेता पीयूष शर्मा गुल्लू, कुणाल पारीक, मंथन पंचोली, दिव्यांशु वशिष्ठ, अरिहंत मित्तल, अमन राठौर, राजेंद्र मीणा, बनवारी मीणा और नरेश सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## कोटा में नर्सिंगकर्मी की पत्नी-बेटी की हत्या , पुलिस के हाथ खाली

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।

शहर के आरकेपुरम थाना क्षेत्र में नर्सिंगकर्मी भगवान वैष्णव की पत्नी ज्योति (32) और आठ साल की बेटी पलक की गला घोंटकर हत्या का रहस्य 17 घंटे बाद भी बरकरार है। शुक्रवार रात घर लौटे नर्सिंगकर्मी ने दोनों को अचेत हालत में पाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद मां-बेटी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस सभी एंगल से जांच में जुटी है।





घटना शुक्रवार शाम रोजड़ी क्षेत्र स्थित किराए के मकान की है, जहां भगवान वैष्णव पत्नी, बेटी और डेढ़ साल के बेटे के साथ रहते थे। शाम 4 से 6 बजे तक पत्नी के फोन स्विच ऑफ आने पर पति ने कई बार कॉल किया, लेकिन संपर्क नहीं हुआ। रात करीब साढ़े 8 बजे घर पहुंचने पर बेटी बेड पर और पत्नी रसोई में मृत मिली। ज्योति के हाथ आटे में सने थे और तवे पर रोटी चढ़ी हुई थी। घर में चाय के तीन कप और बिखरा सामान मिला। परिजनों ने शक जताया है कि वारदात लूट के इरादे से की गई, क्योंकि ज्योति के गहने और बच्चे के चांदी के जेवर गायब हैं। पड़ोसियों के अनुसार, पलक के हाथ में रबर और पेंसिल थी, जिससे अंदाजा है कि हत्या के वक्त वह पढ़ाई कर रही थी। डीएसपी मनीष शर्मा ने बताया कि मामला हत्या का है, सभी पहलुओं से जांच जारी है।

## बजरी माफिया की दबंगईः पंचायत प्रशासक के पति को कुचलने का प्रयास

### अवैध खनन का विरोध करना पड़ा भारी, पुलिस ने की जांच शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।

अवैध बजरी खनन के खिलाफ आवाज उठाना सहाड़ा पंचायत समिति की सातलियास ग्राम पंचायत की प्रशासक सीमा देवी जाट के परिवार को भारी पड़ गया। शनिवार को उनकी पति कमलेश चौधरी पर बजरी माफिया ने जानलेवा हमला करते हुए कार से कुचलने का प्रयास किया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। चौधरी किसी काम से बाहर गए थे, तभी सातलियास निवासी रमेश चंद्र जाट ने तेज रफ्तार कार चलाकर उन्हें टक्कर मारने की कोशिश की। चौधरी ने सूझबूझ से अपनी जान बचाई और तत्काल गंगापुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। चौधरी ने पुलिस को बताया कि आरोपी रमेश जाट अवैध बजरी कारोबार में सक्रिय है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन रोकने की कोशिशों के कारण उन्हें पहले भी कई बार धमकियां दी गई थीं। उन्होंने कहा कि यह हमला उसी रंजिश का नतीजा है। घटना की सूचना पर गंगापुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से बजरी माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## कोटा में रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या, न्यू मोटर मार्केट में कार लेते वक्त बदमाशों ने किया हमला

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।



शहर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात बदमाशों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर गोलियां दाग दीं और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक ने शनिवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

मृतक की पहचान किशोरपुरा निवासी 34 वर्षीय आसिफ कालिया के रूप में हुई है, जो सब्जी मंडी में फल-फ्रूट का ठेला लगाता था। वह शुक्रवार रात न्यू मोटर मार्केट में अपनी कार लेने गया था, तभी 8 से 10 बदमाशों ने वहां पहुंचकर पहले उसकी गाड़ी पर अपनी कार चढ़ाई और फिर कुल्हाड़ी व पिस्तौल से हमला कर दिया। आसिफ को दो गोलियां लगीं और गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई।

आसिफ के भाई आरिफ ने बताया कि मृतक की इंसाफ, रेहान और उनके साथियों से पुरानी रंजिश चल रही थी। पहले भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था और दो बार राजीनामा हो चुका था, लेकिन बदमाशों ने फिर हमला कर दिया।

घटना की सूचना पर उद्योग नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मामला आपसी रंजिश का है। हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में टीमें गठित कर दी गई हैं। शव का पोस्टमॉर्टम एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में कराया जा रहा है।

## 4 माह से फरार 25 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस पर की थी फायरिंग, दो स्कॉर्पियो और हथियार बरामद




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले की पंडेर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी और पुलिस पर फायरिंग के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से वारदात में प्रयुक्त दो स्कॉर्पियो गाड़ियां, एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई है ।

थाना प्रभारी ने बताया कि बीती 3 जून को शाहपुरा और फुलियाकलां क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की सूचना पर की गई नाकाबंदी के दौरान दो स्कॉर्पियो सवार तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग की थी। इस मामले में मामला दर्ज किया गया था। जिसमे घटना के बाद से आरोपी सुमेर पुत्र दुर्गाराम डांगी 25 वर्ष निवासी डांगियावास, जोधपुर फरार था।

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सुमेर को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से वारदात में प्रयुक्त हथियार और दोनों स्कॉर्पियो बरामद की गई।

आरोपी के खिलाफ रायला, डांगियावास और जैतारण थानों में एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

## अवैध बजरी खनन पर कार्रवाईः एक ट्रेलर, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रॉली जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। बड़लियास थाना पुलिस ने शुक्रवार देर रात अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रेलर, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रॉली को जब्त किया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

थाना अधिकारी दीवान सुनील बेनीवाल ने बताया कि पुलिस टीम ने रात के दौरान गश्त के दौरान खेरड़ गांव के पास बनास नदी क्षेत्र में अवैध बजरी खनन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक खाली ट्रॉली को पकड़ा। वहीं बनकाखेड़ा गांव के पास बजरी से भरे एक ट्रेलर को अवैध परिवहन करते हुए जप्त किया गया।

सभी वाहनों को थाने में खड़ा कर खनन नियमों के उल्लंघन में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

C M Y K

# चित्तौड़गढ़ हाईवे से 446 किलो डोडा-चूरा बरामदगी मामला, दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

चित्तौड़गढ़ हाईवे पर दस सितंबर की रात 446 किलो 900 ग्राम डोडा-चूरा बरामदगी के मामले में मंगरोप पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी पर डोडा-चूरा भरवाने, जबकि दूसरे पर तस्करों को शरण देने का आरोप है।

थाना प्रभारी विजय मीणा ने बताया कि दस सितंबर को पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी गुवारड़ी नाले के पास चित्तौड़गढ़ की ओर से आ रही एक स्कॉर्पियो पुलिस को देखकर भागी। पीछा करने पर तस्कर वाहन छोड़कर फरार हो गए। तलाशी में 446 किलो 900 ग्राम डोडा-चूरा बरामद हुआ था। जांच में सामने आया कि विजयपुर चित्तौड़गढ़ निवासी किशन उर्फ अर्जुन गुर्जर ने स्कॉर्पियो में डोडा-चूरा भरवाया था, जबकि गंगरार निवासी नारायण जाट ने फरार तस्करों को अपने घर में छिपाया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। फरार तस्करों की तलाश जारी है।

# समेलिया में ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी, 12 जगहों पर वारदात किसानों की रबी बुवाई पर संकट

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।**

समेलिया गांव में शुक्रवार रात बिजली ट्रांसफॉर्मरों से तेल चोरी की एक और बड़ी वारदात से किसान चिंतित हैं। डेढ़ महीने पहले भी इसी तरह की चोरी हुई थी, अब दोबारा हुई घटना से गांव में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है और रबी फसल की बुवाई पर संकट गहरा गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने इस बार ड्रिल मशीन से ट्रांसफॉर्मर में छेद कर तेल निकाला, जिससे 9 किसानों के ट्रांसफॉर्मर खराब हो गए। वहीं मालीखेड़ा समेत आसपास के



इलाकों में भी दो ट्रांसफॉर्मरों से तेल चोरी हुई। एक ही रात में 12 से ज्यादा जगहों पर चोरी की घटनाएं हुई हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग और पुलिस की लापरवाही से चोरों के हौसले बुलंद हैं। ट्रांसफॉर्मर बदलने में महीनों लग जाते हैं, जिससे सिंचाई कार्य रुक जाता है। ग्रामीणों ने तत्काल कार्रवाई और सुरक्षा इंतजाम की मांग की है।

# हाइवे 758 पर अवैध पार्किंग हटाई, दुर्घटना बचाव के लिए कार्रवाई





**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।**

भीलवाड़ा-राजसमंद हाइवे 758 पर गुरला गांव के चौराहे के पास लंबे समय से हाइवे के शोल्डर पर फल-अमरूद, सिंघाड़ा, कचौरी, समोसा, पानीपुरी आदि की लारियां अवैध रूप से लगी रहती थीं। इनके कारण मार्ग पर वाहनों की अनाधिकृत पार्किंग हो रही थी, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती थी।

दुर्घटनाओं से बचाव के उद्देश्य से गुरला टोल प्रशासन ने हाइवे को क्लियर रखने की पहल की। इस दौरान कारोई थाना पुलिस की सहायता लेकर लारी संचालकों को समझाइश दी गई और अतिक्रमण हटवाया गया। अभियान के दौरान थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह, नरपत सिंह, बनवारी लाल, नरेंद्र सिंह, कन्हैया लाल गुर्जर, हाइवे प्लाजा मैनेजर आनंद सिन्हा, सेफ्टी मैनेजर प्रदीप जी, पेट्रोलिंग अधिकारी सिंटू खारोल, चालक कोमल सिंह, लखन हरिजन, लोकेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# लिफ्ट में फंसने से सात साल की बच्ची की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

नगर में शनिवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। सिंधी कॉलोनी रोड पर स्थित एक दुकान में लिफ्ट में फंसने से सात वर्षीय बालिका की मौत हो गई। हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार नगर के व्यवसायी विनोद झंवर की सिंधी कॉलोनी रोड पर होलसेल दुकान है। उनकी सात वर्षीय पोती आशी पुत्री शोभित झंवर रोजाना दुकान पर खेलने आती थी। शनिवार दोपहर को भी वह दुकान पर आई और खेलते-खेलते लिफ्ट चलाकर ऊपर जाने लगी। इसी दौरान वह पहले फ्लोर और लिफ्ट के बीच में फंस गई।

फंसने से बालिका के सीने और पेट पर गहरी चोट आई और वह करीब 15 फीट ऊंचाई से नीचे गिर गई। चीख सुनकर दादा विनोद झंवर मौके पर पहुंचे तो बालिका नीचे गिरी हुई मिली। परिजनों ने तुरंत उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक डॉ. राहुल उपाध्याय ने बताया कि बालिका को अस्पताल लाया गया। उसे सीपीआर और ऑक्सीजन लगाकर जीवनरक्षक उपाय किए गए, लेकिन सीने और पेट में गंभीर चोट व अंदरूनी



रक्तस्त्राव होने से उसकी मौत हो गई। व्यवसायी विनोद झंवर की पहले बालाजी की छतरी क्षेत्र में दुकान थी। दीपावली पर ही उन्होंने नई दुकान भाणा गणेश के पास शिफ्ट की थी। घर भी उसी इलाके में होने से बालिका रोज दुकान पर खेलने आ जाती थी। दुकान में लगी लिफ्ट माल ढोने के लिए बनाई गई थी, जो सामान्य यात्री लिफ्ट की तरह बंद नहीं थी। इसमें दो एंगल पर प्लेट लगी थी और बाकी हिस्सा खुला था, जिससे माल एक मंजिल से दूसरी मंजिल तक ले जाया जाता था। हादसे के समय लिफ्ट खुली थी और बच्ची उसी से ऊपर जा रही थी। घटना की सूचना मिलते ही नगर के व्यापार मंडल पदाधिकारी, व्यवसायी और जनप्रतिनिधि झंवर परिवार के घर पहुंचे। शोक में बाजार भी समय से पहले बंद कर दिया गया।

# ड्यूटी खत्म होने से पहले कांस्टेबल ने खुद को मारी गोली, मौके पर मौत

## भीलवाड़ा जिला जेल में हुई घटना, पुलिस जांच में जुटी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला जेल में शनिवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब ड्यूटी पर तैनात एक कांस्टेबल ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली लगने से कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही जेल प्रशासन और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।


### वॉच टावर पर ड्यूटी के दौरान ली जान

जेल अधीक्षक शैलेन्द्र फौजदार के अनुसार, आरएसी की 13वीं बटालियन के कांस्टेबल रामकिशोर की ड्यूटी शनिवार रात जिला जेल परिसर में बने वॉच टावर पर थी। रात करीब 10 बजे ड्यूटी खत्म होने से कुछ ही देर पहले उसने अपनी सर्विस राइफल (एसएलआर) से खुद के सीने में गोली मार ली। गोली चलने की आवाज जेल परिसर में गूंज उठी, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई।

### सहकर्मी के पहुंचने पर हुआ घटनाक्रम का खुलासा

रात करीब 10 बजे जब कांस्टेबल बाबूलाल रामकिशोर को रिलीव करने वॉच टावर पर पहुंचा, तो उसने आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जब वह टावर पर चढ़ा तो रामकिशोर लहूलुहान हालत में मिला। बाबूलाल ने तुरंत जेल प्रशासन और आरएसी अधिकारियों को सूचना दी।





### एफएसएल टीम ने की जांच, बॉडी भेजी गई मॉर्च्युरी

घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी की और वैज्ञानिक जांच के बाद बॉडी को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया।

### किशनगढ़ का रहने वाला था मृतक

मृतक कांस्टेबल रामकिशोर मूल रूप से किशनगढ़ क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। उनके पहुंचने के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच में जुटी है।

# सवाईपुर में तीन वाहन आपस में टकराए, बाइक सवार दो भाई गंभीर घायल

## कोटड़ी चौराया के पास हुआ हादसा, घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

(सांवर वैष्णव)। कस्बे में शुक्रवार को नेशनल हाईवे-758 पर कोटड़ी चौराया के पास उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब एक साथ तीन वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला चिकित्सालय भीलवाड़ा में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। कांस्टेबल श्रवण कुमार ने बताया कि कोटड़ी चौराया पर एक होटल के पास भीलवाड़ा की ओर जा रहे कंटेनर और कार में टक्कर हो गई। इसके बाद कंटेनर ने सामने से आ रही





बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गिरिराज पुत्र श्यामलाल कोली और उसका भाई अरविंद पुत्र श्यामलाल कोली, निवासी बाबा रामदेव मंदिर के पास, कोली मोहल्ला भीलवाड़ा घायल हो गए। दोनों को 112 वाहन से सवाईपुर चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गिरिराज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे 108 एंबुलेंस की सहायता से भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जिला अस्पताल में घायल का उपचार जारी है।

वहीं, पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर सवाईपुर चौकी परिसर में खड़ा किया और आगे की कार्रवाई शुरू की।

# त्रिवेणी में सार्वजनिक विभाग परिसर से बिना स्वीकृति काटे गए दर्जनों हरे पेड़

## गैंग हट परिसर में 40-50 साल पुराने वृक्षों की निर्मम कटाई, ठेकेदार को बेचने का आरोप





**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

उपखण्ड के त्रिवेणी स्थित सार्वजनिक निर्माण विभाग के गैंग हट परिसर में बरसों पुराने हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। परिसर में लगे 40 से 50 वर्ष पुराने पीपल और अन्य छायादार वृक्षों को जड़ से काटकर धराशायी कर दिया गया। बताया जा रहा है कि इन वृक्षों की लकड़ी को ठेकेदार तक बेच दिया गया है। घटना की जानकारी सामने आते ही बिगोद नगरपालिका प्रशासन और बिगोद पुलिस हरकत में आ गए। दोनों विभागों ने मौके पर पहुंचकर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक विभाग के परिसर में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने वाले वृक्षों की इस तरह की निर्मम कटाई न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर लापरवाही भी दर्शाती है।

वहीं, घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और जागरूक नागरिक मौके पर पहुंच गए तथा पेड़ काटने और कटवाने में शामिल तत्वों के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की।



## QUICK BITES

### जन्मदिन पर मित्रों ने किया रक्तदान, सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन की प्रेरणा से मानव सेवा का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन की मुहिम जन्मदिन हो या त्योहार रक्तदान कर दो उपहार से प्रेरित होकर राहुल राव के जन्मदिन पर उनके मित्रों और परिजनों ने रक्तदान कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया।

इस अवसर पर महावीर राव, विनोद राव, नारायण राव, राजेश राव, प्रकाश राव, सत्यनारायण बराला, नवीन साहू, पवन शर्मा, रामेश्वर गाडरी, भावेश जायसवाल, ओमप्रकाश राव, सरोज राव, खेमराज राव, कन्हैयालाल राव, अरविंद राव और गोपाल ने कोटड़ी श्याम ब्लड सेंटर में रक्तदान किया।

फाउंडेशन के गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि यह पहल समाज में मानव सेवा और जागरूकता का सशक्त संदेश देती है। सभी रक्तदाताओं का सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

### भाजपा की सातों विधानसभाओं में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशालाएं 9 व 10 को

**भीलवाड़ा व जहाजपुर विधानसभा की कार्यशाला में आज पूर्व मंत्री दवे होंगे मुख्य वक्ता**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण की विस्तृत जानकारी और प्रशिक्षण देने के लिए सातों विधानसभाओं में कार्यशालाओ का आयोजन 9 व 10 नवंबर को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में किया जा रहा है।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि 9 नवंबर को 5 विधानसभाओं में कार्यशालाओं का आयोजन होगा। जिसके अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय पर सुबह 11 बजे आयोजित भीलवाड़ा विधानसभा की कार्यशाला में राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा मुख्य वक्ता रहेंगे। इसी प्रकार 11 बजे त्रिवेणी में आयोजित मांडलगढ़ विधानसभा की कार्यशाला में मुख्य वक्ता जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, सुबह 11 बजे गोकुल डेयरी में आयोजित आसींद विधानसभा की कार्यशाला में मुख्य वक्ता अविनाश जीनगर, दोपहर 1 बजे चामुंडा माता परिसर में आयोजित सहाड़ा विधानसभा की कार्यशाला में मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, एवं सायं 4 बजे विधायक जनसंवाद केंद्र पर आयोजित जहाजपुर विधानसभा की कार्यशाला में मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे, जिला उपाध्यक्ष अशोक तलाइच रहेंगे।

इसी प्रकार 10 नवंबर को दोपहर 12 बजे देवथली देवनारायण मंदिर परिसर में आयोजित मांडल विधानसभा की कार्यशाला में मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रसन्न मेहता एवं दोपहर 12 बजे ही पंचायत समिति शाहपुरा में आयोजित शाहपुरा पंचायत समिति की कार्यशाला में मुख्य वक्ता जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी रहेंगे। सभी कार्यशालाओं में संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, विधानसभा संयोजक, मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं बीएलए दो सहित बड़ी संख्या में भाजपाई भाग लेंगे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# 92 लाख की लागत से बने नवीन विद्यालय भवन का लोकार्पण मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रायसिंहपुरा में 92 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।






विधायक खंडेलवाल ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नवीन विद्यालय भवन से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में और वृद्धि होगी।

लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा महुआ मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा, जिला परिषद सदस्य हरिलाल जाट, जीएसएस अध्यक्ष सांवरलाल जाट, जीएसएस उपाध्यक्ष उदयलाल शर्मा, एसएमसी अध्यक्ष सीताराम जाट, बूथ अध्यक्ष लादूलाल जाट, कैलाश सिखवाल, मनोज सनाढ्य, प्रधानाचार्य संदीप भट्ट, नरेश रायका, प्रकाश शर्मा, शंकरलाल जाट, भोना जाट, राधेश्याम जाट, रामचंद्र जाट, संपत शर्मा, हरिलाल जाट, उज्जवल शर्मा, प्रताप सिंह, अनिल जाट, रामप्रसाद, किशन, महेन्द्र, हरजी, हेमराज, रामपाल और महावीर सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# संस्कारित समाज के निर्माण में स्काउट गाइड का है अमूल्य योगदान: विधायक अशोक कोठारी

**विधायक कोठारी ने "विश्व स्काउट गाइड दिवस" पर किया स्टीकर विमोचन**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

विश्व स्काउट गाइड दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विधायक अशोक कोठारी के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड के विशिष्ट आतिथ्य में स्काउट गाइड का स्टीकर विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विधायक कोठारी ने स्काउट गाइड संगठन के अनुशासन, सेवा और संस्कारों की भावना की



सराहना करते हुए कहा कि ÷संस्कारित समाज के निर्माण में स्काउट गाइड का अमूल्य योगदान है। यह स्टीकर सामाजिक कार्यों और आदर्शों को प्रोत्साहित करने के साथ युवाओं को समाजसेवा की दिशा में प्रेरित करेगा। इस अवसर पर सीओ गाइड श्रीमती ओम कुमारी, कुड़ोज किड्स स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती मधुबाला यादव, तथा स्काउट-गाइड के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने उत्साहपूर्वक भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम में विधायक कार्यालय के संजय राठी, सुंदरलाल बम्बोड़ा, गजेंद्र सिंह सहित कई गणमान्यजन भी मौजूद रहे।

**सेवा धर्म की मिसाल, रोटरी क्लब भीलवाड़ा ने चिकित्सा सेवा संस्थान को सौंपी नई यात्री बस**

# गरीब एवं जरूरतमन्दों की सेवा के लिए रोटरी क्लब सदैव अग्रणी रहा हैः अजय जैन

**विधायक अशोक कोठारी और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रज्ञा मेहता ने किया बस का लोकार्पण**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।**

रोटरी क्लब भीलवाड़ा ने अपने सामाजिक दायित्वों की श्रृंखला को मजबूत करते हुए शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवा संस्थान को मरीजों और स्टाफ के आवागमन को सुगम बनाने के लिए एक नई यात्री बस समर्पित की। रोटरी फाउंडेशन के सहयोग से दान की गई यह बस अब दूर-दराज के मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। क्लब के अध्यक्ष संजय हिरण ने बताया कि यह बस भेंट क्लब के दीर्घकालिक सेवा कार्यों की कड़ी में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका मुख्य उद्देश्य परिवहन सेवा को सुगम बनाकर सामुदायिक कल्याण को गति देना है। पुर रोड स्थित होटल में सुबह 11 बजे आयोजित इस भव्य बस डोनेशन समारोह में विधायक अशोक



कोठारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और रोटरी के इस प्रयास की हृदय से सराहना की। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रज्ञा मेहता और असिस्टेंट गवर्नर एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन अजय जैन भी गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे। विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि रोटरी भीलवाड़ा हमेशा उस तबके के लिए काम करता है, जिसे सबसे ज्यादा सहायता की आवश्यकता होती है, और यह बस भेंट मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रोजेक्ट चेयरमैन अजय जैन ने कहा की रोटरी का मतलब है मुस्कान देना, आँसू पोंछना, और ज़िंदगी में रोशनी भरना। गरीब एवं जरूरतमन्दों की सेवा के लिए रोटरी क्लब सदैव अग्रणी रहा है। क्लब के अध्यक्ष संजय हिरण और सचिव सिद्धार्थ गोयनका ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का मंच संचालन सीमा कोगटा ने बेहद कुशलतापूर्वक किया, जिसकी सभी ने प्रशंसा की। क्लब के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और पूर्व अध्यक्ष उपस्थित रहे। इनमें पदाधिकारी रवि नरेड़ी और पंकज लोहिया शामिल थे। पूर्व अध्यक्षों में मनीष मून्द्रड़ा, योगेश अग्रवाल, संजय कोगटा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और विशिष्ट बना दिया। इनके अतिरिक्त, सुनील अग्रवाल, भरत मानसिंहका, नवल तुलस्यान, डॉ. मनीष मालव, विनीत बंसल, योगेश बियानी, डॉ. प्रतीक अग्रवाल और अनिल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने रोटरी के इस सामूहिक प्रयास की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रज्ञा मेहता ने क्लब को बधाई देते हुए कहा कि रोटरी की श्मानवता की सेवा की थीम को भीलवाड़ा क्लब ने सही मायनों में जमीन पर उतारा है। अंत में, क्लब के अध्यक्ष संजय हिरण ने सभी उपस्थित महानुभावों के प्रति आभार व्यक्त किया और यह संकल्प दोहराया कि रोटरी भीलवाड़ा भविष्य में भी इसी तरह के जन कल्याणकारी प्रोजेक्ट्स को जारी रखेगा।

# रसदपुरा आरोली में शिक्षा विभाग की रात्रि चौपाल , अभिभावकों से संवाद, योजनाओं की दी जानकारी

**शिक्षक-छात्र-अभिभावक की भागीदारी से ही संभव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : डीईओ बाल्दी**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रसदपुरा आरोली में शुक्रवार रात रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अभिभावकों और ग्रामीणों से संवाद कर सरकारी शिक्षा योजनाओं और उनके लाभ की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर बाल्दी, आयोजन विभाग बीकानेर की वित्तीय सलाहकार मीना सोनगरा, एसीबीईओ कन्हैयालाल शर्मा और प्रधानाचार्य गरिमा व्यास सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

चौपाल के दौरान कार्यवाहक सीडीईओ पुरोहित ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन करवाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं और ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बना रही हैं। डीईओ रामेश्वर बाल्दी ने कहा कि शिक्षक, छात्र और अभिभावक की त्रिस्तरीय भागीदारी ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की असली कुंजी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय और शिक्षक अकेले शिक्षा का स्तर नहीं सुधार



सकते – इसमें अभिभावकों की सक्रिय भूमिका भी आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे समय-समय पर विद्यालय जाकर शिक्षण गतिविधियों की जानकारी लें, ताकि विद्यालय को आदर्श रूप में विकसित किया जा सके। कार्यक्रम में सुशील, ओमप्रकाश, शिवकुमार सोनी, रणजीत कुमार, एम.एस. रंगरेज, पंकज त्रिवेदी, कैलाश चौधरी, राजमल सहित कई शिक्षक, ग्रामीण और अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य गरिमा व्यास ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डाला और बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय स्टाफ और ग्रामीणों के सहयोग से कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर चुका है।

# राजस्थान पत्रकार परिषद का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह 15 नवम्बर को

## 10 नवम्बर को महिलाओं की पारंपरिक शैली में होगा न्योता कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों व प्रशासन को भी आमंत्रण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान पत्रकार परिषद, जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आगामी 15 नवम्बर को सुबह 11 बजे सांगानेर रोड स्थित एक निजी रिसोर्ट में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं और समारोह को भव्य रूप देने के लिए परिषद की टीम ने कमर कस ली है।

परिषद के मीडिया प्रभारी भगवानदास खोतानी ने बताया कि आयोजन के निमंत्रण की शुरुआत 10 नवम्बर को पारंपरिक ढंग से की जाएगी। इस दिन महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनकर ढोल-धमाकों के साथ रोडवेज डिपो स्थित गणेश मंदिर पहुंचकर निमंत्रण पत्रिका अर्पित करेंगी। इसी के साथ कार्यक्रम का औपचारिक न्योता भी दिया जाएगा।



खोतानी ने बताया कि समारोह की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर ने सदस्यों की बैठक लेकर आवश्यक चर्चा की। उन्होंने बताया कि संगठन की सदस्यता के लिए प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा भेजे गए आवेदन फार्मों की जांच प्रक्रिया पूरी की जा रही है, जिसके बाद जिला कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

कार्यक्रम से पूर्व कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी और विधि सलाहकार के तीन पदों पर नियुक्तियां दी जाएंगी। साथ ही सदस्यों के वाहनों के लिए विधायक अशोक कोठारी के करकमलों से संगठन का स्टीकर विमोचन किया गया है।

जिले में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सातों विधानसभा क्षेत्रों मांडल, मांडलगढ़, जहाजपुर, शाहपुरा, आसींद और गंगापुर में उपखंड स्तर पर अध्यक्षों की नियुक्तियां की जाएंगी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में भामाशाह के रूप में जवाहर फाउंडेशन और यूनेस्को एसोसिएशन का विशेष सहयोग रहेगा।

बैठक के दौरान देवेन्द्र सिंह नाथावत, मुकेश बुलीवाल, देवकरण सैनी, बालगोविंद व्यास, राजकुमार गोयल, अभिषेक तिवारी, रतनलाल आचार्य, महेन्द्र सिंह नागौरी, सुनीता शर्मा, भगवान सिंह, यूनेस्को के निवर्तमान अध्यक्ष एवं समाजसेवी चेतन मानसिंहका सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# श्री मद् भागवत कथा कलश यात्रा में उमड़ा भक्ति और उल्लास का सागर

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देशभर के कवि होंगे शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा -**

**मूलचन्द पेसवानी**

श्री चारभुजानाथ महिला मण्डल एवं भक्तजनो द्वारा शनिवार को शाहपुरा में आयोजित श्री मद् भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के माहौल में निकाली गई। यह कलश यात्रा नगर के महलों के चौक से आरंभ होकर भाणा गणेश जी मंदिर स्थित कथा स्थल तक पहुँची, जहाँ भक्तों ने गणेश भगवान के चरणों में प्रणाम कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।





कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं, पुरुष, बच्चे-बच्चियां पारंपरिक परिधानों में सजे हुए श्रद्धा भाव से शामिल हुए। सिर पर कलश धारण किए महिला श्रद्धालुओं की कतारें भक्तिमय वातावरण का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रही थीं। जय चारभुजानाथ की के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। शोभायात्रा मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भक्तजनों का स्वागत किया गया। भगवान के भजनों पर झूमते श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था।

यह कलश यात्रा महलों के चौक से होते हुए बालाजी की छतरी, चारभुजानाथ मंदिर, सदर बाजार, चमना बावड़ी, कुंडगेट एवं त्रिमूर्ति चौराहा होते हुए कथा स्थल भाणा गणेश जी मंदिर पहुँची। वहाँ भगवान गणेश की आरती कर सभी ने कथा आयोजन की सफलता हेतु मंगलकामना की।

### कथा का शुभारंभ और संदेश

8 से 14 नवम्बर 2025 तक चलने वाली यह सात दिवसीय श्री मद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 1:15 से 5:15 बजे तक आयोजित होगी। कथा वाचक परम पूज्य देवकिशन जी महाराज ने विधिवत पूजा-अर्चना, भागवत जी की वंदना और आरती के साथ कथा का शुभारंभ किया।

पहले दिन महाराज श्री ने भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस धरती पर जन्म लेने वाले हर प्राणी को अपने जीवन में एक बार अवश्य श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। यह कथा मनुष्य के जीवन को पवित्र बनाती है और भक्ति, ज्ञान तथा वैराग्य की दिशा दिखाती है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की पहल श्री चारभुजानाथ महिला मंडल ने की है, जो आज के युग में नारी शक्ति की सशक्त पहचान है। धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए ऐसे आयोजन समय की आवश्यकता हैं। समाज में जब तक धर्म और भक्ति की भावना जीवित रहेगी, तब तक सनातन संस्कृति सुरक्षित रहेगी।

महाराज श्री ने समस्त शाहपुरा वासियों से कथा श्रवण के लिए उपस्थित होने का आह्वान किया। कलश यात्रा के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से हरि नाम संकीर्तन किया और कथा स्थल पर प्रसाद ग्रहण कर आनंदित हुए।

# बाकरा में ग्रामीण सेवा शिविरः ग्रामीणों ने की ओवरलोड बजरी ट्रकों पर कार्यवाही की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ शकरगढ़।**

ग्राम पंचायत बाकरा में शनिवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि प्रधान कौशल किशोर शर्मा रहे। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान किया।

शिविर में ग्रामीणों ने एसडीएम राजकेश मीना को लिखित शिकायत सौंपकर खजुरी से वाया बाकरा मार्ग पर रात में चलने वाले ओवरलोड बजरी ट्रक-डंपरों पर रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में बनी खजुरी-बाकरा सड़क ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से क्षतिग्रस्त हो गई है।




रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक बिना रोक-टोक भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इन वाहनों पर सख्त कार्यवाही की मांग की।

शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क आवासीय पट्टे वितरित किए गए तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गर्भवती महिला की गोद भराई की गई। साथ ही पात्र श्रमिकों को निःशुल्क जॉब कार्ड भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रधान कौशल किशोर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान उसके घर के पास ही हो। ग्रामीण सेवा शिविर इसी दिशा में एक बड़ा कदम हैं। अब किसी को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, प्रशासन जनता के बीच पहुंच रहा है।

शिविर में विकास अधिकारी सीताराम मीना, प्रशासक निशा वीरेंद्र मीना, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता सुरेश कुमार मीना, उप सरपंच सत्यनारायण शर्मा , जीएसएस अध्यक्ष रामकुवार मीना , पूर्व सरपंच राकेश खटीक , प्राचार्य धर्मचंद मीना ,सोजीराम मीना ,चिकित्सा प्रभारी मयंक झवर, ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार मीना, सहायक कृषि अधिकारी अमित जागेटिया, सीएचओ अनीता गुर्जर, कृषि पर्यवेक्षक मस्तराम मीना, पटवारी आदेश मीना, रामराज मीना, एएनएम निर्मला मीना एवं सोना मीना सहित चिकित्सा, राजस्व, पशुपालन, कृषि, पीएचईडी आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सावर में डोटासरा का हुआ भव्य स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का शुक्रवार देर रात अजमेर से अंता उपचुनाव के लिए जाते समय सावर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया । इस दौरान सावर नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल माली, महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश कासोटिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह शक्तावत, श्रीनिवास माली, गोपाल तेली, विनोद जयपाल चौहान, प्रधान योगी, मंजीत सेन, सुरेश जांगिड़, सत्यनारायण महावर, उम्मेद सिंह दिदावत, असलम मोहम्मद, चेतन रेगर, रंजीत कहार, चेतन कहार, पवन राटा, मथुरा चौहान, गोविंद मालावत, भरत योगी, सूर्यप्रकाश त्रिवेदी और दुर्गा सिंह यादव सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## QUICK BITES

# पूर्व सरपंच ने विद्यालय विकास हेतु भेंट किए 61 हजार रुपये

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पांसल में शनिवार को भामाशाह एवं पूर्व सरपंच छोटू लाल जाट ने विद्यालय विकास हेतु 61 हज़ार रुपए की राशि भेंट की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में पूर्व सरपंच राधेश्याम बलाई, प्रकाशचन्द्र सुथार, राजूलाल माली, हजारीलाल जाट, भौना बलाई, कैलाश माली एवं नन्दलाल विष्णोई सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर छोटू लाल जाट ने कहा कि वे भविष्य में भी विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी उन्होंने विद्यालय में एक कक्षा-कक्ष निर्माण के लिए लगभग 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी थी, जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रामस्वरूप शर्मा ने भामाशाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छोटू लाल जाट जैसे समाजसेवी शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता अनिल कुमार उपाध्याय, गोविन्द कुमार टेलर, सत्यनारायण मंत्री, सत्यनारायण खटीक, प्रहलाद खटीक, भंवरसिंह चौहान, अशोक कुमार कोठारी, घनश्याम रेगर, सोनिका मूंदड़ा, कुसुम तिवारी, प्रमिला मिश्रा, मीना भाटिया, सुनिता सोढा, सुशीला पंवार, अनुराधा जोशी, सपना सेन व अनुराधा शर्मा सहित पूरा स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन मीना भाटिया ने किया।

# मांडलगढ़ ग्रामीण एवं महुआ मंडल की संयुक्त बैठक आज

## सर प्रशिक्षण एवं आगामी चुनावों को लेकर होगी चर्चा, विधायक गोपाल खंडेलवाल रहेंगे उपस्थित

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ**

**(महावीर वैष्णव)।** भारतीय जनता पार्टी मांडलगढ़ ग्रामीण मंडल एवं महुआ मंडल की संयुक्त बैठक रविवार को सुबह 10:30 बजे त्रिवेणी संगम स्थित साहू (तेली) समाज की धर्मशाला में आयोजित की जाएगी।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा ने बताया कि बैठक में सर प्रशिक्षण एवं आगामी चुनावों की तैयारियों पर महत्वपूर्ण सांगठनात्मक चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर बीएलए-2 एवं बूथ अध्यक्षों का प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित होगा।

बैठक में प्रदेश या जिला संगठन से सर प्रशिक्षण के वक्ता उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

इस बैठक में दोनों मंडलों के वरिष्ठ नेता पूर्व एवं वर्तमान, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, महुआ मंडल के पदाधिकारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्षगण, सरपंच, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सेवा पखवाड़ा संयोजक एवं सह-संयोजक, टोली-मंडल संयोजक, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान टोली, तथा मन की बात कार्यक्रम के संयोजक व सह-संयोजक सहित अनेक कार्यकर्ता भाग लेंगे।

# फैक्ट्री में अचानक लगी आग, अफरा-तफरी मची, कई घंटे बाद भी धधकती रही लपटें

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र के गणेशपुरा गांव में शनिवार दोपहर एक धागा फैक्ट्री में अचानक लगी भीषण आग से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, एक प्राइवेट लिमिटेड फर्म की फेक्ट्री में दोपहर में आग लग गई। फैक्ट्री में धागा बड़ी मात्रा में होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। धुएं का गुबार और आग की लपटें कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दीं। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। आसपास के ग्रामीण और फैक्ट्री कर्मचारी भी बचाव कार्य में जुट गए, लेकिन धागे और मशीनरी में आग लगने से लपटें बार-बार भड़क उठीं।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस दल भी मौके पर पहुंचे और आग लगने के कारणों की जांच शुरू की। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

फायर ब्रिगेड की टीमों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । फिलहाल, घटना में कोई जनहानि की सूचना नहीं है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।